Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–5) विभाग

क्रमांकः प.12(1)साप्र/5/2014 जयपुर, दिनांकः01.01.2014

समस्त प्रबन्धक
राजस्थान स्थित विश्राम भवन/
राजस्थान हाउस/राजस्थान स्टेट
गेस्ट हाउस, नई दिल्ली/
राजस्थान भवन, वाशी, नवी मुम्बई।

विषयः– सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के संबंध में सूचना भिजवाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के संबंध में निम्न प्रकार सूचना भिजवाने की व्यवस्था करावें:–

1. माह जनवरी 2014 से मार्च 2014 तक सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों की सूचना 10 जनवरी 2014 तक संबंधित कर्मचारी की सेवापुस्तिका/सेवारोल के प्रथम पृष्ठ की प्रमाणित प्रति जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो, के साथ भिजवाने की व्यवस्था करावें।
2. आगामी वित्तीय वर्ष 2014–15 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के संबंध में सूचना 31 जनवरी 2014 तक संबंधित कर्मचारी की सेवापुस्तिका/सेवारोल के प्रथम पृष्ठ की प्रमाणित प्रति जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो, के साथ भिजवाने की व्यवस्था करावें।
3. इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष की 31 जनवरी तक आगामी वित्तीय वर्ष(अप्रेल से मार्च तक) में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के संबंध में सूचना संबंधित कर्मचारी की सेवापुस्तिका/सेवारोल के प्रथम पृष्ठ की प्रमाणित प्रति जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो, के साथ भिजवाने की व्यवस्था करावें।

कृपया इसे प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय

01.01.2014

(मुन्ना लाल शर्मा)
शासन सहायक सचिव

Room No.1124, Main Building, Govt. Secretariat, Jaipur -302005
Tel. No. (Jt. Secy.) – 0141-2227874/9414085447, (AS) 9414043554, (F) 5116626, 2227928
Website: www.gad.rajasthan.gov.in, Email: mlsharma.gad@rajasthan.gov.in